हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा रेहटी, भव्य रामरथ यात्रा के साथ मना...



07 कुरावर में दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान हंगामा, पुलिस पर...



खबर संक्षेप

4 दिन से बेमौसम बारिश

सीहोर। जिले में मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का दौर जारी है। पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। इस सीजन में अब तक 40.75 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि 44 दिन बारिश वाले रहे। बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी सोयाबीन और अन्य पकी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले चार दिनों में दो दिन सीहोर शहर और आसपास के नगरीय क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में गिरावट से ठंडक महसूस होने लगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार फुहारें और हल्की बारिश हो रही है। मौसम में बदलाव के पीछे सक्रिय वेदर सिस्टम और चक्रवात का असर बताया जा रहा है। हवा का रुख बदलने और दक्षिण-पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ी है। इसके चलते सीहोर सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और गरज-चमक के साथ बारिश होने का दौर जारी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक बादल और बारिश का असर बना रह सकता है। हालांकि, अगले 24 से 48 घंटे बाद मौसम साफ होने और धूप निकलने की उम्मीद है। इससे तापमान में फिर से कुछ बढ़ोतरी हो सकती है।

घटना के दौरान बस के अंदर बैठे यात्रियों में मची अफरा-तफरी, चालक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

यात्रियों से भरी बस को आधे घंटे तक रोककर ग्रामीणों ने की तोड़फोड़, चालक व परिचालक से की मारपीट

जानकारी के अनुसार इंदिरा बस सर्विस की यात्री बस बुधवार सुबह हरदा से यात्रियों को लेकर भोपाल के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान रेहटी क्षेत्र के बोरी ग्राम काला गेट के पास कुछ लोगों ने बस को रोक लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

हरदा से भोपाल जा रही यात्री बस को बीच रास्ते रोककर कथित तौर पर जमकर उपद्रव किए जाने का मामला सामने आया है। सीहोर जिले के रेहटी क्षेत्र में बोरी ग्राम के काला गेट के पास बुधवार सुबह करीब 10 बजे किसी बात को लेकर इंदिरा बस सर्विस की बस को रोकने, चालक-परिचालक के साथ मारपीट करने, पत्थरबाजी और तोड़फोड़ के आरोप लगे हैं। इतना ही नहीं परिचालक के पास मौजूद हिसाब के करीब 12 हजार रुपये छीनने की शिकायत भी सामने आई है। आरोप है कि करीब आधे घंटे तक बस को रोके रखा गया, जिससे यात्रियों में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।



बीच रास्ते बस रोकी, फिर शुरू हुआ हंगामा

जानकारी के अनुसार इंदिरा बस सर्विस की यात्री बस बुधवार सुबह हरदा से यात्रियों को लेकर भोपाल के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान रेहटी क्षेत्र के बोरी ग्राम काला गेट के पास कुछ लोगों ने बस को रोक लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान चालक और परिचालक के साथ मारपीट की गई। घटनास्थल पर 20 से 25 लोगों के मौजूद होने की बात कही जा रही है। हालांकि आरोपियों की वास्तविक संख्या और घटना के कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

आधे घंटे तक ठप रहा सफर : आरोप है कि बस को करीब आधे घंटे तक आगे नहीं बढ़ने दिया गया। यात्री बस के भीतर बैठे थे और अचानक हुए विवाद ने उन्हें असमंजस में डाल दिया। पत्थरबाजी और तोड़फोड़ के आरोपों के बीच यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। सार्वजनिक परिवहन में इस तरह की घटना के आरोप गंभीर हैं, क्योंकि इसका असर केवल बस कर्मचारियों पर ही नहीं, बल्कि सफर कर रहे आम लोगों पर भी पड़ता है।

रेहटी थाने में शिकायत, दोनों पक्षों के बयान ले रही पुलिस

बस मालिक की ओर से रेहटी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। रेहटी थाना प्रभारी हेमेंद्र पटेल ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के बयान लिए गए हैं। घटना के समय मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना किस कारण से हुई है इसकी जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

12 हजार रुपये छीनने का आरोप

मामले में परिचालक के पास मौजूद हिसाब के करीब 12 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया गया है। बस पर पत्थर फेंकने और तोड़फोड़ किए जाने की बात भी सामने आई है। यदि जांच में ये आरोप प्रमाणित होते हैं, तो मामला केवल विवाद या कहासुनी तक सीमित नहीं रहेगा। फिलहाल, रुपये छीने जाने और बस को हुए नुकसान के संबंध में पुलिस की जांच तथा आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

रेहटी थाना प्रभारी हेमेंद्र पटेल ने बताया कि बस चालक और ग्रामीणों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ कर चालक के साथ मारपीट की थी। मामला संज्ञान में आने के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लद्दाख की 16 हजार फीट ऊंचाई पर जवानों का अदम्य साहस आज भी प्रेरणा स्रोत : एसपी सोनाक्षी सक्सेना

पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस पर 154 अमर शहीदों को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

सीहोर। 67 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र हॉट स्प्रिंग में 16 हजार फीट की बर्फीली ऊंचाई पर हमारे जवानों ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय दिया था। सीमित संसाधनों के बावजूद दुश्मन के सामने घुटने न टेकने वाले उन 10 शूरवीरों का बलिदान आज भी देश की सुरक्षा में तैनात हर जवान को नई प्रेरणा देता है। यह बात पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने बुधवार को रक्षित केंद्र पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड के दौरान कही। लद्दाख के अमर बलिदानियों की स्मृति में आयोजित इस समारोह में बीते एक वर्ष में शहीद हुए देश भर के 154 जवानों (जिनमें मप्र के 09 जवान शामिल हैं) के नामों का वाचन कर उन्हें पूरे सैन्य सम्मान व मातमी धुन के बीच भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जवानों ने दिखाया था अदम्य साहस

एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने पुलिस स्मृति दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज से 67 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र हॉट स्प्रिंग में 16 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात सीआरपीएफ की गश्ती टुकड़ी पर चीनी सेना ने घात लगाकर हमला कर दिया था। सीमित संसाधनों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन का डटकर मुकाबला किया और अंतिम सांस तक अपनी पोस्ट पर डटे रहे। इस भीषण संघर्ष में मातृभूमि की रक्षा करते हुए 10 शूरवीर जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हीं अमर सेनानियों के बलिदान को अक्षुण्ण रखने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को देश भर में यह दिवस मनाया जाता है।



शहीदों को दी गई सलामी

स्मृति दिवस परेड का नेतृत्व सूबेदार अजय भिरे एवं परेड कमांडर गणेश सिंह डामोर ने किया। परेड में शामिल प्लाटूनों द्वारा शोक शस्त्र की औपचारिक कार्रवाई करते हुए अमर शहीदों को पूरे सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी गई। इसके बाद बिगुल पर मातमी धुन बजाई गई, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर हो गया।

अफसरों ने अर्पित की पुष्पांजलि : समारोह के समापन पर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर बालागुरु के., द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महेश वर्मा, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीलमड़ी, एसडीओपी प्रेमनारायण गोयल, डीएसपी प्रवीण चढ़ोकर एवं रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

सलकनपुर से चोरी हुई बोलेरो का रेहटी पुलिस ने किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

रेहटी। सलकनपुर में टैक्सी स्टैंड के पास से चोरी हुई बोलेरो के मामले में रेहटी पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 लाख रुपये कीमत की चोरी गई बोलेरो बरामद कर विधिवत जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागीरथ पिता कन्हैयालाल कीर उम्र 32 वर्ष निवासी नयापुरा, थाना सतलापुर, जिला रायसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जितेन्द्र पिता दिलीप सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी दीपाखेड़ी, थाना बरेली, जिला रायसेन ने 16 अक्टूबर 2026 को थाना रेहटी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात सलकनपुर स्थित टैक्सी स्टैंड के पास से अज्ञात चोर उसकी बोलेरो गाड़ी चोरी कर ले गया। शिकायत पर रेहटी पुलिस ने अपराध क्रमांक 583/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक हिमलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर संदेही भागीरथ से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने सलकनपुर से बोलेरो चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने चोरी गई करीब 6 लाख रुपये कीमत की बोलेरो बरामद कर जब्त की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक हिमलेन्द्र पटेल, टीम प्रभारी प्रधान आरक्षक उग्रसेन गौतम, आरक्षक अभिषेक यादव, योगेश कटारे, पुष्पेन्द्र और विकास नागर की सराहनीय भूमिका रही।

रामायण काल के अंहकारी रूपी रावण के साथ, वोट चोरी करने वाले ज्ञानेश कुमार का जला रावण रूपी पुतला



सीहोर। विजयादशमी के अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण दहन की तर्ज पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार का रावण रूपी पुतला दहन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित चंदा चोरी तथा वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताया और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड एवं राजनीतिक चंदे से जुड़े मामलों और चुनावी अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा कथित भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कांग्रेस नेताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने की बात कही।

ये रहे उपस्थित : प्रदर्शन में घनश्याम यादव, विष्णु प्रसाद राठौर, राजाराम बड़े भाई राजेंद्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, नरेंद्र खंगराले, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, डॉ. अनीस खान, जयंत शाह, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, सीताराम भारती, ओम्बाबा राठौर, राजाराम बड़े भाई, के.के. रिछारिया, पंकज शर्मा, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत तोमर, राजेश रैकवाल, कमलेश चांडक, मनीष मेवाड़, सोनू विश्वकर्मा, हरिओम सिसोदिया, शुभम लकी सक्सेना, मुकेश गड़ोदिया, विनेश बिन्ना चौहान, मजीद अंसारी, इरफान लाला, आसिफ अंसारी, तौसीफ पटेल, सोनु सुतार, मांगीलाल टिमरई, अंकित कौशल, संदीप कौशल, विकास विश्वकर्मा, दिव्यांश मालवीय, अरबाज खान, विवेक टांक, रामकिशन मालवीय, ओम सोनी, प्रेमनारायण परमार, नंदकिशोर मालवीय और भगवत सिंह सिलावट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

श्यामपुर में शासकीय कॉलेज की मांग को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ रहा दूसरे क्षेत्रों में, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्यामपुर में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में जल्द से जल्द शासकीय कॉलेज खोलने की मांग की गई। तहसीलदार ने मांग को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव के समय श्यामपुर में शासकीय कॉलेज खोलने के वादे करती है, लेकिन चुनाव के बाद इन वादों पर अमल नहीं किया जाता। श्यामपुर में शासकीय कॉलेज नहीं होने के कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को समय और संसाधनों से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



उन्होंने कहा कि शिक्षा युवाओं का अधिकार है और श्यामपुर के विद्यार्थियों को भी अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलनी चाहिए। क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना होने से विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन द्वारा जल्द ही कॉलेज की स्थापना के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो एनएसयूआई आगामी दिनों में और व्यापक आंदोलन करेगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम गोपाल मुकाती, नरवदा प्रसाद, प्रहलाद सिंह, यशवंत सिंह एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा एनएसयूआई श्यामपुर के कार्यकर्ता इरफान खान, साहिल गुफरान, जीशान, विवेक सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रसंघ चुनाव : अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा भी बीता, उम्मीद कम

सीहोर। सीहोर सहित प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को इस सत्र में भी निराशा हाथ लग सकती है। सरकार ने इस साल चुनाव कराने का दावा किया था और उच्च शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरू की थी, लेकिन सितंबर में प्रस्तावित चुनाव अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक भी नहीं हो सके हैं।

अब मौजूदा शैक्षणिक सत्र में चुनाव होने की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार परीक्षाओं का हवाला देकर चुनाव टाल रही है। प्रदेश में 2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर का कहना है कि पहले भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे।

चुनाव नहीं होने से छात्र संगठनों में नाराजगी है। एनएसयूआई और एबीवीपी भी छात्रसंघ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। छात्र संगठनों का कहना है कि लंबे समय से चुनाव नहीं होने के कारण कॉलेजों में छात्र नेतृत्व और विद्यार्थियों की समस्याओं को उठाने वाला निर्वाचित प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ा है। छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया तय करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने छह सदस्यीय समिति गठित की थी। इसमें तीन विश्वविद्यालयों के कुलगुरु सहित उच्च शिक्षा संस्थानों के अधिकारी और कॉलेज प्राचार्य शामिल किए गए थे। समिति को चुनाव का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक चुनाव कार्यक्रम को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया है। ऐसे में इस सत्र में चुनाव कराने की घोषणा पर सवाल उठने लगे हैं। सीहोर जिले में 3 विश्वविद्यालय सहित 14 सरकारी और 45 से अधिक निजी कॉलेज हैं। छात्र संघ चुनाव न होने के कारण इन कॉलेजों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

खबर संक्षेप

पंजीयन में तेजी लाएं लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य : बालागुरू के.

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए पटवारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पचामा, ग्राम सारंगाखेड़ी, ग्राम तकीपुर सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होने से संबंधित स्वामित्वधारियों के विभिन्न उपयोगों के लिए लाभ मिलेगा। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीयन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीयन कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी कठिनाई सामने आती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। यदि समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो, तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए, ताकि पंजीयन का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तेजी से पंजीयन का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। वे अपने क्षेत्र में पंजीयन की प्रगति की निरंतर समीक्षा करें तथा जिन ग्रामों में कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी है, वहां विशेष ध्यान देकर कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मैदानी अमले को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराते हुए पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वामित्व अधिकार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करने और स्वामित्वधारियों को उनके अधिकारों का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए नगरवासी मौजूद रहे

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा रेहटी, भव्य रामरथ यात्रा के साथ मना ऐतिहासिक विजयादशमी उत्सव

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा, आनंद भारती जी और मजिस्ट्रेट बाबा ने दीप प्रज्वलित कर किया मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ, 45 फीट के रावण दहन के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी





नगर में विजयादशमी का पर्व धार्मिक उल्लास, उत्साह और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति रेहटी के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत भव्य रामरथ यात्रा निकाली गई।

जय श्रीराम के जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में विभिन्न अखाड़ों ने सहभागिता की। वहीं, मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में धर्म और संस्कृति से जुड़े आयोजनों में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। उत्सव का समापन 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन के साथ हुआ।

हनुमान चौक से निकली भव्य रामरथ यात्रा

विजयादशमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के रथ की शोभायात्रा हनुमान चौक से विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुई। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रामरथ यात्रा होली टेकरा और पुराने बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न अखाड़ों के साथ मंडी प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक उल्लास दिखाई दिया।

दीप प्रज्वलित कर मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ

मंडी प्रांगण में आयोजित मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ इटावा सरकार मंदिर के गुरुजी आनंद भारती जी एवं मजिस्ट्रेट बाबा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद हिंदू उत्सव समिति की ओर से धर्म और संस्कृति से जुड़े विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं समितियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में योगदान देने वाले संगठनों के प्रयासों को सराहा गया।

45 फीट के रावण दहन के साथ हुआ उत्सव का समापन

विजयादशमी उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए नगरवासी उत्साह के साथ मौजूद रहे। रावण दहन के साथ ही उत्सव का समापन हुआ।

हनुमान मंदिर पहुंचा रामरथ, श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद : मुख्य कार्यक्रम के उपरांत भगवान श्रीराम का रथ वापस हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भजिए वितरित किए गए। धार्मिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न हुए इस आयोजन में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समिति ने नगरवासियों का जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल पटेल एवं नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त नगरवासियों, क्षेत्रवासियों, समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन में सहभागिता और सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में सामूहिक सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

कन्या शिक्षा परिसर में आनंद मेले के साथ मनाया विजयदशमी पर्व, छात्राओं ने दी गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां

सीहोर। सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। गरबा नृत्य, विभिन्न खाद्य सामग्री के स्टॉल और रावण दहन कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे।

आनंद मेले में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों एवं खाद्य सामग्रियों के स्टॉल सजाकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेले में उत्सव का माहौल देखने को मिला। वहीं, छात्राओं ने गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस आयोजन ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ ही आत्मनिर्भरता, टीम भावना, रचनात्मकता एवं प्रबंधन कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम में रावण दहन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके माध्यम से छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। साथ ही छात्राओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सत्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के शाला प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, प्राचार्य डॉ. विनीत गाबा, प्रशासक अशोक त्रिपाठी एवं उप प्रबंधक संदीप मौर्य सहित समस्त शिक्षकगण, छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन विद्यालय के उप प्राचार्य लोकेश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

विधायक रमाकांत भार्गव ने किया 45 फीट के रावण दहन

बुधनी। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा मैदान पर आयोजित महोत्सव में 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। विधायक रमाकांत भार्गव ने रावण दहन किया।



इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत,नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, आजाद सिंह राजपूत,अर्जुन मालवीय,सतीश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे महोत्सव में नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए।

दशहरा महोत्सव की शुरुआत शाम 5 बजे रामलीला मंचन के साथ हुई कलाकारों ने निषादराज गुहा और केवट संवाद की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर भगवान श्रीराम के आदर्शों, भक्ति और सेवा भाव को जीवंत किया। इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया राम-रावण युद्ध के पश्चात विधायक रमाकांत भार्गव ने 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान दशहरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें धर्म,न्याय और आदर्श शासन का संदेश दिया रावण दहन के बाद रंगारंग आतिशबाजी से दशहरा मैदान जगमगा उठा। प्रसिद्ध भजन गायक चरणजीत सिंह सोंधी की भजन संध्या प्रारंभ हुई। उन्होंने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया देर रात तक महोत्सव में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश पाल ने महोत्सव में शामिल हुए नगरवासियों, धर्मप्रेमियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की टॉप 2 प्रति. वैज्ञानिकों की सूची में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पांच फैकल्टी सदस्य शामिल

सीहोर। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 'टॉप 2% वैज्ञानिकों' की सूची में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पांच फैकल्टी सदस्य शामिल हुए हैं। यह उपलब्धि इन पांच फैकल्टी सदस्यों के अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए शोध योगदान और शैक्षणिक उपलब्धियों को दर्शाती है।इन फैकल्टी सदस्यों में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. टी. बी. श्रीधरन; सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोग्राम चेयर डॉ. रजित नायर , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ सिंह चौहान , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशफाक अहमद नजर और सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पी. नरेंद्र बाबू शामिल हैं। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. टी. बी. श्रीधरन के शोध योगदान में 87 प्रकाशन, 29 का एच –इंडेक्स , 7 का एच एम-इंडेक्स, एक किताब और कई शोध परियोजनाएं शामिल हैं। उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में एंटोमोलॉजी (कीट विज्ञान), बायोटेक्नोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, और पुरुषों में इनफर्टिलिटी के मॉलिक्यूलर व बायोकेमिकल पहलू शामिल हैं। डॉ. रजित नायर ने 89 से अधिक शोध लेख प्रकाशित किए हैं और उनके नाम पर 19 से अधिक पेटेंट हैं। उनका काम एआई , मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। डॉ. सिद्धार्थ सिंह चौहान ने कंप्यूटर विजन, डीप लर्निंग और स्मार्ट एग्रीकल्चर के क्षेत्र में लगभग 55 शोध पत्र लिखे हैं। डॉ. अशफाक अहमद नजर साइबर सुरक्षा और ए आई के विशेषज्ञ हैं, जिनका शोध डीडीओएस ,डिटेक्शन, मशीन लर्निंग और नेटवर्क सुरक्षा पर केंद्रित है। वहीं डॉ. पी. नरेंद्र बाबू नवीकरणीय ऊर्जा , हाइब्रिड एसी डीसी माइक्रोग्रिड, इलेक्ट्रिक वाहनों और पावर सिस्टम पर काम करते हैं। इस उपलब्धि को लेकर वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा कि , हमें गर्व है कि हमारे फैकल्टी सदस्य स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 'टॉप 2% वैज्ञानिकों' की सूची में शामिल हुए हैं। यह सम्मान शोध और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में, हमारा लक्ष्य एक मजबूत शोध इकोसिस्टम तैयार करना है, जो नवाचार , विभिन्न विषयों के बीच सहयोग और नए ज्ञान की खोज को बढ़ावा दे। हम अपनी शोध क्षमताओं को मजबूत करने और एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ हमारे फैकल्टी सदस्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची उन वैज्ञानिकों की पहचान करती है, जिन्हें उनके शोध के प्रभाव के आधार पर, मानकीकृत साइटेशन मैट्रिक्स के जरिए चुना जाता है। इस सूची में विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ता शामिल हैं, और इसमें उनके पूरे करियर के शोध प्रभाव के साथ-साथ किसी एक विशेष वर्ष के शोध प्रभाव का भी मूल्यांकन किया जाता है। कुल मिलाकर वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी अपने सभी शैक्षणिक विषयों में शोध, विभिन्न विषयों के बीच सहयोग और नवाचार को लगातार बढ़ावा दे रही है। यह अपने फैकल्टी सदस्यों को वैज्ञानिक प्रगति और उभरते तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है।

अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व:जसपाल सिंह अरोरा



सीहोर। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व शहर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में बाल विहार मैदान पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। यहां 71 फीट से अधिक ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम के अग्निबाण ने रावण के पुतले को भेदा, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। देखते ही देखते रावण और मेघनाद के पुतले आग की लपटों में घिरकर धराशायी हो गए। इस दौरान आसमान में हुई सतरंगी आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आशीर्वाददाता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समिति के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और समिति अध्यक्ष आशीष गहलोत सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

हनुमान मंदिर से निकली भगवान श्रीराम की भव्य बारात : छावनी दशहर उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बाल विहार मैदान में भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। उत्सव की शुरुआत शहर के नमक चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकालकर की गई। राम बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बाल विहार मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे रावण दहन किया गया। इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई बढ़ाई गई थी और आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था की गई थी। आतिशबाजों ने आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन किया। रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मैदान में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहरवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बाल विहार मैदान में प्रतिवर्ष भव्य दशहरा उत्सव आयोजित करने के लिए छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में उत्साह, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं।

समिति पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

छावनी दशहरा उत्सव समिति के आयोजन में चल समारोह अध्यक्ष संतोष राठौर, कार्यक्रम संयोजक विनित गोयल और कोषाध्यक्ष विशाल सेन सहित अन्य सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। राम बारात, रावण दहन, भगवान श्रीराम का राजतिलक और रंगारंग आतिशबाजी उत्सव के प्रमुख आकर्षण रहे। समिति के सदस्यों और सहयोगियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई। भव्य दशहरा उत्सव ने शहरवासियों को धर्म की विजय, सत्य की शक्ति और बुराई के अंत का संदेश दिया।

विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता : प्रिंस राठौर

50 लाख रु. के सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन, नागरिकों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के मंडी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में कुल 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दोनों वार्डों में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से बेहतर सड़क की आवश्यकता महसूस कर रहे रहवासियों को राहत मिलेगी।

वार्ड 22 में 30 लाख की लागत से होगा सीसी रोड निर्माण-वार्ड क्रमांक 22 की इंदिरा कॉलोनी में 30 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण मुकेश कौर के घर से रामनारायण के घर, तिवारी जी के घर, विशाल राठौर के घर होते हुए राकेश के घर से सेलू के घर तक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुकेश के घर से धर्मेंद्र के घर तक भी सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। सड़क निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

वार्ड 23 में 20 लाख रुपए से बनेगी सीसी रोड

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 23 में 20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। यह सड़क संजय किरण योगी जी की दुकान से अशोक भाई के घर तक बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर सड़क, पानी, प्रकाश एवं स्वच्छता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शहर के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। नागरिकों की आवश्यकताओं और क्षेत्र की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जा रहा है। मंडी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और नागरिकों की सुविधा में भी वृद्धि करती हैं। हमारा प्रयास है कि स्वीकृत निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूरे हों, ताकि जनता को इनका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। नगर पालिका शहर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

भूमि पूजन कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद राजेश माझी, कमलेश राठौर, कमलेश कुशवाहा, प्रदीप गौतम सहित वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में विकास कार्यों की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की।

डीजे विवाद के बाद मां पूर्णेश्वरी समिति ने विसर्जन से किया इनकार

कुरावर में दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान हंगामा, पुलिस पर लगाया लाठीचार्ज का आरोप

एसडीएम-एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे मोईलीकला तालाब, समझाइश के बाद दोपहर 3 बजे हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरावर

नगर में मंगलवार सुबह दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह के दौरान डीजे को लेकर विवाद हो गया। मुख्य मार्ग पर पुलिस और झांकी समिति के सदस्यों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया। खेड़ी क्षेत्र की मां पूर्णेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रतिमा विसर्जन करने से इनकार कर दिया। समिति के सदस्यों ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विवाद के चलते विसर्जन में देरी हुई। सूचना मिलने पर एसडीएम, एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारी मोईलीकला तालाब पहुंचे। अधिकारियों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद दोपहर करीब 3 बजे मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

रात 2 बजे से शुरू हुए विसर्जन चल समारोह

नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे से चल समारोह शुरू हुए। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे खेड़ी क्षेत्र में मां पूर्णेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति का चल समारोह निकल रहा था। इसी दौरान रोशन डीजे और शिव तांडव डीजे को लेकर विवाद की स्थिति बन गई।

डिवाइडर के दोनों ओर डीजे लगाने से बढ़ा विवाद

पुलिस के अनुसार, चल समारोह के दौरान रोशन डीजे और शिव तांडव डीजे द्वारा डिवाइडर के दोनों ओर डीजे लगाए गए थे और तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने डीजे संचालकों को समझाइश दी, लेकिन विवाद की स्थिति बनी रही। इसी दौरान रोशन डीजे से सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल को टक्कर लगने की बात सामने आई। बताया गया कि इस घटना में एक बच्चे को भी चोट आई है। पुलिस के अनुसार स्थिति को देखते हुए पुलिस बल ने सख्ती बरतते हुए डीजे को आगे बढ़वाया। इसके बाद डीजे संचालकों और नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों के बीच विवाद बढ़ गया। समिति के सदस्यों ने डीजे और प्रतियोगिता आयोजित करने की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने की बात कही। पुलिस का कहना है कि समझाइश के बाद लोग सड़क से हट गए।



समिति का आरोप डीजे पर लाठियां बरसाई, सदस्य का हाथ फ्रैक्चर

वहीं, झांकी समिति के सदस्यों का आरोप है कि वे शांतिपूर्वक चल समारोह में शामिल थे, तभी पुलिसकर्मियों ने उनके डीजे पर लाठियां बरसाईं और उनके साथ मारपीट की। समिति के सदस्यों ने दावा किया कि घटना में एक सदस्य के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। घटना के बाद झांकी समिति के सदस्य और वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अनिल दरबार सहित अन्य सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने से इनकार कर दिया। समिति की मांग थी कि कथित लाठीचार्ज और मारपीट के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके चलते मामला तूल पकड़ गया और प्रतिमाओं के विसर्जन में देरी होने लगी।

10 से 15 किलोमीटर दूर मोईलीकला तालाब पहुंचे अधिकारी

विवाद को सुलझाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। नरसिंहगढ़ एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल, एसडीओपी राम स्नेही यादव, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चौहान और थाना प्रभारी जितेंद्र मवई नगर से करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित मोईलीकला तालाब पहुंचे। अधिकारियों ने झांकी समिति के सदस्यों से चर्चा की और उन्हें समझाइश दी। समिति के सदस्यों ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। प्रशासन की ओर से मामले में कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद समिति के सदस्य प्रतिमा विसर्जन के लिए सहमत हुए। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

जांच के आधार पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

नरसिंहगढ़ एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल ने कहा, हमने मामले की जानकारी ली है। इस मामले में जो कार्रवाई होगी वह हम करवाएंगे। वहीं, नरसिंहगढ़ एसडीओपी राम स्नेही यादव ने कहा, मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के आश्वासन पर किया विसर्जन : अनिल दरबार

झांकी समिति के सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अनिल दरबार ने कहा, हम शांतिपूर्वक चल समारोह में चल रहे थे। उसी समय पुलिसकर्मियों ने हमारे डीजे पर लाठियां बरसाईं। हमने प्रशासन के कहने पर विसर्जन किया है। हमें विश्वास है कि मामले में कार्रवाई होगी।

जांच और कार्रवाई पर टिकी नजरें

दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान हुए इस विवाद में पुलिस और समिति के सदस्यों के अलग-अलग पक्ष सामने आए हैं। पुलिस ने डीजे विवाद और मोटरसाइकिल को टक्कर लगने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए सख्ती बरतने की बात कही है, जबकि समिति के सदस्यों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और मारपीट के आरोप लगाए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब जांच के निष्कर्षों और आगे होने वाली कार्रवाई पर सभी की नजरें रहेंगी।

नरसिंहगढ़ विधायक के पास पहुंचे समिति सदस्य

घटना से नाराज समिति के सदस्य विधायक मोहन शर्मा के पास पहुंचे और उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इस पर विधायक शर्मा ने पुलिस की कथित कार्रवाई को अनुचित बताते हुए मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही, उन्होंने समिति के सदस्यों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस अधिकारियों की रही मौजूदगी

विजयादशमी पर पुलिस थाना सारंगपुर में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने किया शस्त्र पूजन



विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कन्या पूजन और कोहले की बलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को पुलिस थाना सारंगपुर में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने थाने पहुंचकर विधि-विधान से शस्त्र पूजन और पूजा-अर्चना की। धार्मिक परंपराओं के अनुसार उन्होंने कन्या पूजन भी किया। इसके बाद कोहले की बलि दी गई। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। हिंदू संस्कृति में यह पर्व शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन शस्त्र पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पुलिस विभाग में भी इस परंपरा का विशेष महत्व है, क्योंकि पुलिसकर्मी शस्त्रों के माध्यम से कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं।

थाना परिसर में राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विजयादशमी की परंपराओं का निर्वहन किया। इस दौरान कन्या पूजन कर धार्मिक मान्यताओं के प्रति आस्था व्यक्त की गई। इसके बाद कोहले की बलि की रस्म संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर न, एसडीओपी महेश सुनैया, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, निरीक्षक वीरेंद्र धाकड़,एसआई आनंदीलाल भिलाला, एचसीएम इरफान खान, आरक्षक बनवारी सोनी, सत्येंद्र रघुवंशी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। विजयादशमी पर थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। साथ ही पुलिस विभाग की सेवा, सुरक्षा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

विजयादशमी पर नगर के विभिन्न पंडालों से निकली विसर्जन यात्राएं

ढोल और डीजे की धुन पर निकले जुलूस, दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

कालीसिंध नदी किनारे विसर्जन कुंड में किया प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को सारंगपुर नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ढोल-डीजे की धुन पर जुलूस निकालकर विसर्जन के लिए ले जाया गया।

इस दौरान भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में व्यापारी एसोसिएशन सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन के लिए रवाना किया गया। ढोल-डीजे की धुन पर निकली विसर्जन यात्राओं में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करने के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की। विसर्जन यात्राएं नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कालीसिंध नदी किनारे बनाए गए विसर्जन कुंड तक पहुंचीं, जहां निर्धारित स्थान पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग का अमला मौके पर मौजूद रहा। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में विसर्जन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नवरात्रि के समापन पर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। मां दुर्गा की विदाई के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन हुआ।



विजयादशमी पर संघ का पथ संचलन, तीन बस्तियों से निकले स्वयंसेवक परशुराम चौराहे पर हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

विजयादशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में विशाल पथ संचलन निकाला गया। नगर की विभिन्न बस्तियों से स्वयंसेवकों ने अलग-अलग स्थानों से संचलन प्रारंभ किया। अनुशासित कदमताल करते हुए स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से आगे बढ़े। विभिन्न बस्तियों के संचलन का परशुराम चौराहे पर एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवक अस्पताल रोड और बदलीपुरा होते हुए शास्त्री स्कूल पहुंचे, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत रविदास एवं विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से, सुदर्शन नगर बस्ती का संचलन माता मंदिर से तथा महाकाल एवं खेड़ापति बस्ती का संचलन शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर से प्रारंभ हुआ। रास्ते में संत रविदास-विवेकानंद और महाकाल बस्ती के स्वयंसेवकों का संचलन जामा मस्जिद के सामने मिला। इसके बाद विभिन्न बस्तियों के स्वयंसेवक परशुराम चौराहे पर एकत्रित होकर शास्त्री स्कूल पहुंचे। शास्त्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शिवनारायण मालवीय ने की।



रामचरितमानस हमारे जीवन और समाज की रचना का महत्वपूर्ण आधार : उदय सिंह

मुख्य वक्ता राजगढ़ के सरसंघचालक उदय सिंह चौहान ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमारे जीवन और समाज की रचना का महत्वपूर्ण आधार है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, सेवा, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण का अहंकार उसके विनाश का कारण बना। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और संघ की स्थापना का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज को संगठित करना है। चौहान ने कहा कि शाखा के माध्यम से व्यक्ति के मन, विचार और चरित्र का निर्माण होता है। संघ समाज को संगठित कर राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष को सामाजिक जागरूकता, एकता और संस्कारों के प्रसार का महत्वपूर्ण अवसर बताया। संबोधन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

विदेश सेवा के अधिकारियों ने जानी विदिशा की शैक्षणिक, औद्योगिक और ऐतिहासिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक दुबे और शुचिता किशोर ने सोमवार को विदिशा जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, कृषि आधारित उद्योग और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित सशक्त वाहिनी कोचिंग कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं की अध्ययन रणनीति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पण, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन को सफलता का आधार बताया। इसके बाद अधिकारियों ने कृषि आधारित उद्योग का अवलोकन कर उत्पादन प्रक्रिया, स्थानीय कृषि उपज के उपयोग, मूल्य संवर्धन और रोजगार की संभावनाओं को समझा। उन्होंने उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण कर प्राचीन शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की।



मरीजों और अटेंडेंट को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को जिला चिकित्सालय के सभागार में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में निर्णय लिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मरीजों के साथ उनके परिजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाओं में सुधार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति की आय-व्यय संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही उपलब्ध संसाधनों, किए गए खर्च और आगामी आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की स्थिति भी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई गई। इसमें पूरे हो चुके कार्यों और शेष कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने अस्पताल में स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण बनाए रखने के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, चिकित्सक, समिति सदस्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कलेक्टर।

मोडिफाइड साइलेंसर लगाने पर 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला

विदिशा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन चालक अनुज यादव (19), निवासी सुभाष नगर, थाना सिविल लाइन से 3 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर और अन्य उपकरणों का उपयोग करने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की समझाइश दी। शहर में कई बुलेट में मोडिफाइड सिलेंडर लगे हुए हैं।

गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरवाई

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी कुरवाई द्वारा मेन बाजार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के आव्हान पर वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान के अंतर्गत शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। गांधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान वोट चोरी की नीति एवं लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप स बड़ों संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।



कुरवाई। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

बनाई रणनीति, पालक महासंघ व विद्यार्थी परिषद मिलकर चलाएंगे महा सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरखेड़ा जागीर

पालक महासंघ मध्यप्रदेश और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

प्रदेशभर से आए प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में महा सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। युवाओं, विद्यार्थियों और पालकों को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान को घर-घर और कॉलेजों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही जिला और संभाग स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की समस्याओं, पालकों के अधिकारों और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने महा सदस्यता अभियान को सफल बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।



खबर संक्षेप

400 केवी सबस्टेशन में चोरी नाकाम, तीन आरोपी पकड़े

सीहोर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 400 केवी सबस्टेशन आष्टा में चोरी के प्रयास को ड्यूटी पर तैनात आउटसोर्स सुरक्षा कर्मियों ने विफल कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए चोरी करने आए पांच लोगों में से तीन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस कार्रवाई से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव को भी टालने में मदद मिली। यदि आरोपी चोरी करने में सफल हो जाते, तो सबस्टेशन में आपात स्थिति से निपटने के लिए रखे गए आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हो पाते। ऐसी स्थिति में किसी विद्युत आपातकाल के दौरान समय पर व्यवस्था बहाल करने में कठिनाई आ सकती थी और लंबे समय तक विद्युत व्यवधान की आशंका उत्पन्न हो सकती थी। आरोपियों को पकड़ने में आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी ललित मालवीय ने सूझबूझ के साथ अहम भूमिका निभाई। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया, जिसके चोरी होने की पुष्टि दूसरे थाने की पुलिस ने की है। घटना के संबंध में पुलिस ने चोरी के प्रयास की प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है और पकड़े गए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

स्वास्थ्य व पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 32 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 32 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 205 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 65 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 19 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विभिन्न जांच की गई।

आतिशबाजी के साथ आष्टा, जावर सहित कई स्थानों पर किया रावण का दहन

रामलीला मैदान पर लक्ष्मण-मेघनाथ हनुमान-रावण, राम-रावण युद्ध का मंचन



सरकार द्वारा मिलने वाली 50 हजार की अनुग्रह राशि के ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा मंगलवार को हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान मे प्रतिकात्मक रुप से मनाया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ इक्कावन फीट रावण का दहन किया गया। परंम्परानुसार दोपहार 12 बजे श्रीराम



मंदिर मे संत रामदास बाबा समिति द्वारा श्रीरामदास बाबा की समाधि स्थल पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती ढोल ढमाको, ताशे, संगीतमय आर्केष्टा के साथ सम्पन्न हुई। वही रामदास बाबा की समाधि को बाहरी कलाकारो द्वारा फुलो की कुटिया का रुप देकर बनाया गया। जो आकर्षक का केन्द्र बना। इसके पश्चात हिन्दु उत्सव समिति के तत्वाधान मे श्रीराम मंदिर से राम बारात प्रतिकात्मक रुप से निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची शोभायात्रा मे स्वर्ण रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भगवान हनुमान जी भी सवार होकर राम बारात मे चल रहे थे। शोभायात्रा में रामदास जी बाबा की समाधी आकर्षण का केन्द्र रही।

राम बारात का भव्य स्वागत

श्रीराम बारात का जगह-जगह फुलो की वर्षा कर स्वागत किया गया। रथ मे सवार भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की गई। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष अजय ठाकुर गब्बर, सचिव गोकुल अजमेरा, और कोषाध्यक्ष नीरज ठाकुर का नगर के प्रमुख सगंठनो ने साफा व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया वहीं रथ पर सवार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान जी की पुजा अर्चना भी की गई।

रामलीला मैदान पर हुआ युद्ध

रामलीला मैदान पर राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। लक्ष्मण- मेघनाथ, हनुमान-रावण, राम-रावण युद्ध का मंचन कलाकारो द्वारा किया गया इसके पश्चात नदी के किनारे 51 फीट लम्बे रावण का रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ दहन भगवान श्रीराम द्वारा किया गया। इसके पश्चात नागरिकों ने एक-दुसरे को हाथ जोडकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। अंत मे हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष, सचिव आदि ने नगर पंचायत, प्रशासन, पुलिस प्रशासन व क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

शस्त्र पुजन किया

मंगलवार को भगवान हनुमान जी का विषेष श्रृंगार किया गया था, सुबह से ही बडी संख्या मे लोग खेडापति हनुमान मंदिर पर दर्शन के लिए पहुचे वही दशहरे पर्व के अवसर पर देवी पुजन के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित कई संगठनो द्वारा शस्त्र पुजन भी किया गया व घरो मे भी शस्त्र पुजन किया गया। नगर में दशहरा पर्व को लेकर नगर व क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना न घटे साथ ही आवागमन में लोगो को परेषानी न हो इसको लेकर प्रभारी तहसीलदार कमलसिंह, नगर निरीक्षक श्याम सुर्यवंषी, सीएमओ हरिष सोनी सहित प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस प्रशासन कार्यक्रमों के दौरान चौतरफा नजर रखे हुए थे। वहीं नगर में शराबियों द्वारा उत्पात न माचाए व कार्यक्रमों के दौरान खलल पेदा न हो इसके लिए पुलिस नजर रखे हुए थी। जिससे नगर में शांति बनी रही।

अलीपुर में धूमधाम से मनाया दशहरा, हुआ 51 फ्टि के रावण का दहन

आष्टा। नगर के अलीपुर में दशहरा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अलीपुर में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। वहीं विजयदशमी उत्सव समिति अध्यक्ष राजकुमार मालवीय के नेतृत्व मे शुजालपुर बायपास से 4 बजे चल समारोह शुरु किया गया जो अलीपुर होते हुए शाम 6 बजे दशहरा मैदान पहुंचा। इस दौरान चल समारोह में भूतों की टोली, शिव बारात, ढोल नगाड़े, बैंड और श्री राम लक्ष्मण का रथ का आकर्षण का केंद्र रहा। चल समारोह में सैकड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद लिया। दशहरा मैदान पर पास करीब 52 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित



रहे। वहीं चल समारोह के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ इसमें भाग लिया। पूरे क्षेत्र में दशहरा पर्व को लेकर उत्सव का माहौल बना रहा। दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष राजकुमार मालवीय ने बताया कि इस वर्ष दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक गोपाल इंजीनियर, जितेंद्र सोनी



सहित समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। इसके बाद कार्यक्रम में सहयोग करने वाले और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

सोमवंशीय श्रीराम मंदिर में मां अम्बे की ज्योत स्थापित

5 दिनों तक अखंड प्रज्वलित रहेगी ज्योत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नजरगंज स्थित श्री सोमवंशीय राम मंदिर में माँ अम्बे महारानी गरबा उत्सव समिति द्वारा माँ अम्बे की ज्योत की स्थापना विधि-विधान से सम्पन्न हुई।

सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार, कलश पूजन और हवन के साथ ज्योत प्रज्वलित कर स्थापना की रस्म पूरी की गई जो नवरात्रि के 5 दिनों तक अखंड रूप से प्रज्वलित रहेगी। मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया जायेगा, माँ अम्बे महारानी गरवा उत्सव समिती के अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन गरबा, भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा तथा रोजाना रात्रि 8:30 बजे माँ अम्बे की महाआरती होगी। जिसमें श्रद्धालु आमंत्रित हैं, इस अवसर पर अध्यक्ष निखिल कुशवाहा, पं. मनीष पाठक, पंडित दीपेश जी पाठक, आशु नामदेव, समर्थ मुंदड़ा, सुरेन्द्र जी खत्री, मोंटू कोरी, सुभाष नामदेव, मनीष डोंगरे, मनोहर जी गौतम, आशीष गौतम, रितिक गौतम, अशोक जी गौतम, शुभम कुशवाहा, गोलू कुशवाहा एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आर्य समाज जिला सीहोर की नवीन कार्यकारिणी गठित, वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर रहेगा जोर

सीहोर। मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मार्गदर्शन में आर्य समाज जिला सीहोर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी का गठन सभा के प्रधान प्रकाश आर्य, महामंत्री अतुल वर्मा, संभागीय उपप्रधान दिनेश वाजपेई एवं संभागीय उपमंत्री अमर प्रकाश सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। नवीन कार्यकारिणी के माध्यम से जिले में वैदिक संस्कृति, आर्य समाज के सिद्धांतों एवं वैदिक विचारधारा के प्रचार-प्रसार को गति देने पर जोर दिया जाएगा। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए अपेक्षा व्यक्त की गई कि सभी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा समाज में वैदिक संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे। आर्य समाज जिला सीहोर की नवीन कार्यकारिणी में आचार्य विजय राठौर को जिला प्रभारी, पुरोहित संदीप आर्य को जिला सह प्रभारी, आर्य भरत मुकाती को जिला प्रचार मंत्री, हर्ष राठौर को जिला कार्यालय मंत्री, डॉ. ब्रजेश झलावाया को जिला बौद्धिक अध्यक्ष तथा संतोष सिंह आर्य को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारिणी का प्रधान कार्यालय आर्य समाज मंदिर, महाराणा प्रताप कॉलोनी, फॉरेस्ट ऑफिस के पास, गंज, सीहोर में रहेगा। तहसीलवार जिम्मेदारियों के तहत बुधनी में लखन लाल राठौर प्रभारी एवं कुमारी सृष्टि आर्या सह प्रभारी, आष्टा में मुकेश कुमार आर्य प्रभारी एवं सुनील कुमार आर्य सह प्रभारी तथा राम सिंह आर्य प्रचार मंत्री नियुक्त किए गए हैं। जावर में बाबू लाल सोनी प्रभारी, कोक आर्य सह प्रभारी एवं मोहन भावसार प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दशहरा चल समारोह में गूंजे ढोल-नगाड़े, महाकाल के गणों से लेकर श्रीराम की झांकी तक दिखी धर्म और शौर्य की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

केसरिया ध्वजों से सजी नगर की सड़कें, ढोल-ताशों की गूंज से थर्राता वातावरण, भगवान श्रीराम के जयकारे और धार्मिक स्वरूपों में सजे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां। विजयादशमी पर भैरूंदा का दशहरा चल समारोह केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शौर्य, कला, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का ऐसा संगम बना, जिसने नगरवासियों को उत्साह से भर दिया। भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी, महाबली हनुमान का स्वरूप, भगवान महाकाल के भूत-प्रेतों की टोली और हरदा से आए भैरव गर्जना ढोल-ताशा पथक की दमदार प्रस्तुति ने समारोह को खास बना दिया। इसके बाद दशहरा मैदान में भगवान श्रीराम और रावण के बीच महासंग्राम हुआ और 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। नगर परिषद एवं नवा पारायण समिति के सहयोग से आयोजित दशहरा महोत्सव को लेकर नगर में



सुबह से ही उत्सवी माहौल था। गांधी चौक स्थित छोटा बाजार के श्रीराम मंदिर से शाम 4 बजे भगवान श्रीराम के विजय रथ के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। दशहरा चल समारोह में मातृशक्ति की दुर्गा वाहिनी टीम ने अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए साहस, आत्मविश्वास और शौर्य का परिचय दिया। टीम की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और नारी शक्ति के सामर्थ्य का संदेश दिया।

ढोल-ताशा पथक की थाप पर झूम उठा नगर

चल समारोह में हरदा से आए भैरव गर्जना ढोल-ताशा पथक की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पथक के सदस्यों ने एकजुटता और तालमेल के साथ ढोल-ताशों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच आगे बढ़ती टोली ने पूरे वातावरण में जोश भर दिया। ढोल की थाप, ताशों की लय और कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने रुककर इस प्रस्तुति का आनंद लिया। धार्मिक झांकियों के साथ ढोल-ताशा पथक की मौजूदगी ने शोभायात्रा को अलग रंग दिया और उत्सव में शौर्य एवं सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार किया।

महाकाल भगवान के भूत-प्रेतों की टोली ने खींचा ध्यान

चल समारोह में भगवान महाकाल के स्वरूप और उनके गणों के रूप में सजे कलाकारों की प्रस्तुति भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। भूत-प्रेतों की टोली के पारंपरिक एवं प्रभावशाली रूप ने धार्मिक वातावरण को जीवंत बना दिया। कलाकारों की वेशभूषा और साज-सज्जा देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए।

इसके साथ महाबली हनुमान के स्वरूप ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। चल समारोह में धार्मिक पात्रों के अलग-अलग स्वरूपों ने भारतीय पौराणिक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। कहीं शौर्य का प्रदर्शन था तो कहीं भक्ति और आस्था का भाव। इन प्रस्तुतियों ने नगर भ्रमण को एक चलती-फिरती धार्मिक झांकी का रूप दे दिया।दशहरा चल समारोह में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी विशेष रूप से शामिल रही।

त्रिस्तुतिक परंपरा में त्रिशतावधान का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराजा के जन्म द्विशताब्दी महोत्सव के पावन अवसर पर सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ चातुर्मास समिति एवं अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद परिवार, महिदपुर रोड के तत्वावधान में त्रिस्तुतिक परंपरा में पहली बार भव्य त्रिशतावधान का आयोजन 21 अक्टूबर को गोविंदम वाटिका, नागदा तिराहा, महिदपुर रोड पर संपन्न हुआ। श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराजा के समुदायवर्ती महिदपुर रोड में चातुर्मास हेतु विराजमान परम पूज्य साध्वीश्री डॉ. अमृतरसा श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में त्रिशतावधानी परम पूज्य साध्वीश्री निरागरसा श्रीजी म.सा. ने अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। एक साथ 300 विषयों को स्मरण रखने की असाधारण क्षमता देखकर उपस्थित श्रद्धालु एवं समाजजन मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने साध्वीश्रीजी का गुरु वंदन किया। साध्वीश्रीजी ने मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक बना रहा। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से स्मरण शक्ति की विलक्षण क्षमता तथा जैन धर्म की आध्यात्मिक साधना परंपरा की महत्ता को उजागर किया गया। दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराजा के जन्म द्विशताब्दी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के लिए गौरवपूर्ण एवं यादगार अवसर रहा। इस अवसर पर परम पूज्य साध्वीश्री जिनांशरसाश्रीजी म.सा. का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिनेश जैन बोस सहित बाहरी क्षेत्रों से पधारे श्रीसंघों के प्रतिनिधि, अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद् सहित महिला व तरूण परिषद परिवार के राष्ट्रीय व प्रान्तीय पदाधिकारीगण, सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कोठारी, उज्जैन, एवं उपाध्यक्ष सुधीर लोढ़ा ने निभाई। मंगल मय कार्यक्रम में नवकासी एवं स्वामीवात्सल्य का लाभ लाभार्थी पंकज शिवनारायण मंडोरा एवं पीयूष प्रकाशचंद चत्तर परिवार द्वारा लिया गया। कार्यक्रम का संचालन भारतवर्ष की प्रथम महिला शतावधानी निलीशा एवं अभिषेक सेठिया, उज्जैन, ने किया। आभार स्थानीय श्रीसंघ अध्यक्ष अजय चोरड़िया एवं चातुर्मास अध्यक्ष परेश चत्तर ने व्यक्त किया। त्रिस्तुतिक परंपरा एवं महिदपुर रोड नगर में पहली बार आयोजित 4 घंटे के चले इस भव्य त्रिशतावधान कार्यक्रम ने समाज में उत्साह एवं आध्यात्मिक प्रेरणा का संचार किया। निश्चित ही स्मरण शक्ति का ऐसा अनूठा अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुतिक समाज के साथ-साथ पूरे नगर एवं भारत भर के संगे के लिए गौरव एवं सम्मान कि बात है। इस अवसर पर पूज्य साध्वी जी निरागरसा श्री जी को महिदपुर रोड श्री संघ द्वारा त्रिशतावधानी की उपाधि से अलंकृत किया गया जोबट श्री संघ द्वारा पूज्य साध्वी जी को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया एवं साध्वी जी के वधामणे का लाभ गुरु भक्त परिवार द्वारा लिया गया इस मंगल अवसर पर प्रदेश भर के जावरा, रतलाम, नामली भाट ,पचलाना, खाचरोद ,नागदा इंदौर, उज्जैन, मेघनगर, झाबुआ ,मंदसौर महिदपुर आदि अनेक श्री संघो, राष्ट्रीयपदाधिकारी पत्रकार साथियों एवं नगर वासियों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्ति किया।

विजयदशमी पर छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

पौराणिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सुशीला हायर सेकेंडरी स्कूल, बागेर में रामलीला मंचन एवं विजयदशमी उत्सव का अत्यंत भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। यह पूरा कार्यक्रम विद्यालय के मार्गदर्शक अशोक परमार के कुशल मार्गदर्शन तथा प्राचार्या श्रीमती रानू परमार, प्रबंधक राजेश परमार और नरेंद्र परमार के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।

छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी, बजरंगबली जी और लव-कुश जैसी पौराणिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मनमोहक नाटक एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इसके साथ ही, विद्यालय की छात्राओं ने माता शक्ति के विभिन्न रूपों को जीवंत करते हुए ओजस्वी प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



विजयदशमी और रामलीला आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यह सीख देना है कि अंत में हमेशा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की ही जीत होती है। हमारे बच्चों ने जिस निष्ठा और सुंदर अभिनय के साथ इन आध्यात्मिक संदेशों को मंच पर उतारा, वह प्रशंसनीय है। संस्कारयुक्त शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सुशीला हायर सेकेंडरी स्कूल में समय-समय पर ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा, 15 अगस्त और 26 जनवरी पर देशभक्ति कार्यक्रम व समय-समय पर खेलकूद, रंगोली, डांस, आर्ट-एंड-क्राफ्ट तथा विभिन्न शैक्षणिक व बौद्धिक प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण और बौद्धिक विकास हो सके। इस भव्य आयोजन में रोशनी शर्मा, अर्जुन सिंह ठाकुर, दिनेश बैरागी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, नीरज शर्मा, हरि प्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, विजेंद्र नायक, वीरेंद्र चौहान, के.डी. बैरागी, जावेद खान, रश्मि माथुर, मोनिका जैन, भावना दुबे, सरिता दुबे, रानी यादव, पूजा परमार, भारती माहेश्वरी, अंशिका शर्मा, शाजिया शेख, दीपा शर्मा और नीलांशी शर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मतदान केंद्र युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में किया गया।

जिसमें विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण दो नवीन केंद्र ग्राम कन्नौज मिर्जी व बापचा दोनिया में प्रस्तावित किए गए। ग्राम बापचा बरामद और बांदरिया हाट में जीर्ण शीर्ण होने के कारण भवन प्रस्तावित किया गया। आयोजित हुई बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तरफ से राजाराम द्वारिया भारतीय जनता पार्टी की तरफ से धनरूपमल जैन और आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन व बहुजन समाज पार्टी से देवकरण कुरल उपस्थित रहे।